**इंडियन इंस्टीट्यूट आफ  बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स का मासिक न्यूज़लेटर    प्रति माह 40/ रुपए**
(आईएसओ 9001 : 2015  द्वारा प्रमाणित)

व्यावसायिक
उत्कृष्टता के
प्रति प्रतिबद्ध

# आईआईबीएफ    विजन

खंड : 9    अंक : 7    फरवरी,  2017    पृष्ठों की संख्या 15

विजन : बैंकिंग और वित्त के क्षेत्र में  सक्षम व्यावसायिक शिक्षित एवं विकसित करना।

मिशन : प्राथमिक रूप से शिक्षण,  प्रशिक्षण,  परीक्षा,  परामर्श और निरंतर  आधार वाले व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों की प्रक्रिया के माध्यम से सुयोग्य और  सक्षम बैंकरों एवं वित्तीय व्यावसायिकों का विकास करना।

इस अंक में

मुख्य घटनाएँ ----------------------------------------------------------2
बैंकिंग से संबन्धित नीतियाँ -------------------------------------------4
बैंकिंग जगत की घटनाएँ -------------------------------------------- 6
बीमा-------------------------------------------------------------------------6
नयी नियुक्तियाँ -------------------------------------------------------- 7
उत्पाद एवं गठजोड़ ------------------------------------------------ 7
विदेशी मुद्रा ------------------------------------------------------------7
शब्दावली --------------------------------------------------------------8
वित्तीय क्षेत्र की बुनियादी जानकारी ------------------------------------ 9
संस्थान की प्रशिक्षण गतिविधियां ------------------------------------- 9
संस्थान समाचार -------------------------------------------------------9
बाजार की खबरें ------------------------------------------------------12

इस प्रकाशन में समाविष्ट सूचना / समाचार की मदें सार्वजनिक उपयोग अथवा उपभोग हेतु विविध बाह्य स्रोतों/ मीडिया में प्रकाशित हो चुकी/चुके हैं और अब वे केवल सदस्यों एवं अभिदाताओं के लिए प्रकाशित की/ किए जा रही / रहे हैं। उक्त सूचना/समाचार की मदों में व्यक्त किए गए विचार अथवा वर्णित/उल्लिखित घटनाएँ संबन्धित स्रोत द्वारा यथा-अनुभूत हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स समाचार मदों/घटनाओं अथवा जिस किसी भी प्रकार की सच्चाई अथवा यथार्थता अथवा अन्यथा के लिए किसी भी प्रकार से न तो उत्तरदाई है, न ही कोई उत्तरदायित्व स्वीकार करता है।

# मुख्य घटनाएँ

## सेबी ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की अपलिखित प्रतिभूतियों के मानदंड संशोधित किए

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने सूचित किया है कि गैर-परिचालक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) द्वारा धारित अपलिखित (written down) प्रतिभूतियों की शेयर बाजार के माध्यम से बिक्री से प्राप्त राशियों में से ख़र्चों कों घटा कर उन्हें उनकी प्राप्ति की तिथि से सात दिनों के भीतर निवेशक संरक्षण एवं शिक्षण निधि (IPEF) में जमा करवाना आवश्यक होगा। इसीप्रकार, नकद या लाभांश के रूप में प्राप्त कारपोरेट लाभों कों उनकी प्राप्ति के सात दिनों के भीतर निवेशक संरक्षण एवं शिक्षण निधि में जमा करवाना आवश्यक होगा। अपलिखित शेयरों से निर्मित होने वाली प्रतिभूतियों के रूप में कारपोरेट लाभों के प्राप्त होने की स्थिति में उसकी सूचना भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड को सामान्य रीति से दी जानी होगी।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों से ग्रामीण क्षेत्रों में 40% नोटों की आपूर्ति करने हेतु कहा

भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रा-तिजोरियाँ (currency-chests) रखने वाले बैंकों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि 500 रुपए या उससे कम वाले मूल्यवर्ग में सभी बैंकनोटों के कम से कम 40% की आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्रों को की जाए। बैंकों को अपनी मुद्रा-तिजोरियों को क्षेत्रीय

ग्रामीण बैंकों, जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों तथा ग्रामीण वाणिज्यिक बैंकों की ग्रामीण शाखाओं, ग्रामीण क्षेत्रों के श्वेत लेबल एटीएमों और डाकघरों को नए नॉट जारी किए जाने को उच्च प्राथमिकता दिए जाने की सलाह देनी होगी।

## गुजरात इंटर्नेशनल फाईनैन्स टेक नगर में शेयर बाजार अनुमोदित

राष्ट्रीय शेयर बाजार (NSE) को गुजरात इंटर्नेशनल फाइनैन्स टेक (GIFT) में एक अंतर्राष्ट्रीय शेयर बाजार स्थापित करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से सिद्धांत्ततः अनुमोदन प्राप्त हो गया है। एनएसईआईएफएससी (NSEIFSC ) नामक इस शेयर बाजार के मध्य फरवरी तक कार्यरत हो जाने की आशा है।

## एअरटेल ने भुगतान बैंक की शुरुआत की

राजस्थान, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना मे प्रायोगिक कार्यक्रम संचालित करने के बाद एअरटेल भुगतान सेवाएँ देशभर में प्रारंभ हो गई हैं। माई एअरटेल मोबाइल अनुप्रयोग के प्रयोक्ताओं को आधार के जरिये ई-अपने ग्राहक को जानिए विवरण भर कर डिजिटल वैलेट से खाते में स्थानांतरित होने का विकल्प प्राप्त होगा। प्रारंभ मेँ ग्राहक का मोबाइल नंबर ही उसका/उसकी बैंक खाता संख्या होगा। बचत खाते में जमा राशियों पर 7.5 % की ब्याज दर का भुगतान किया जाएगा। एअरटेल प्रत्येक बचत खाता प्रयोक्ता को 1 लाख रुपए की निः शुल्क वैयक्तिक दुर्घटनात्मक बीमा सुविधा भी प्रदान करेगी। एक अतिरिक्त सुविधा के रूप मेँ ग्राहकों को बचत खाता खोलते समय जमा किए गए प्रत्येक रूपये के लिए 1 मिनट का एअरटेल मोबाइल टाक टाइम भी प्राप्त होगा।

## सेबी ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा कारपोरेट बाँड़ों के प्रत्यक्ष क्रय-विक्रय हेतु नियम अधिसूचित किए

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने श्रेणी । और ॥ के विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को दलालों के बिना कारपोरेट बांड बाजार मेँ प्रत्यक्ष रूप से पहुँचने मेँ समर्थ बनाने के लिए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक विनियमों को संशोधित कर दिया है। बैंकों, बीमा कंपनियों और पेंशन निधियों जैसी घरेलू संस्थाओं को भी यह सुविधा प्रदान की गई है। अब विदेशी पोर्टफोलियो

निवेशक किसी शेयर बाजार में 15% तक के हित के स्वामी बन सकते हैं, जो एक ऐसी सुविधा है जिससे भारतीय पुंजी बाजार में विदेशी अंतर्वाह आकर्षित क्राने की आशा की जाती है।

### पारस्परिक निधियाँ अब स्थावर संपदा निवेश न्यासों में निवेश कर सकती हैं

स्थावर संपदा और मूलभूत सुविधा निवेश न्यासों में अधिक निवेशकों को आकर्षित करने के एक अभियान में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने पारस्परिक निधियों द्वारा स्थावर संपदा निवेश न्यासों (REITs) तथा मूलभूत सुविधा निवेश न्यासों (InvITs) में निवेश किए जाने की अनुमति प्रदान करने का निर्णय लिया है। किसी पारस्परिक निधि को स्थावर संपदा निवेश न्यासों तथा मूलभूत सुविधा निवेश न्यासों के एकल जारीकर्ता की यूनिटों में केवल उसके निवल आस्ति मूल्य के 5% तक ही निवेश करने की अनुमति होगी। स्थावर संपदा निवेश न्यासों तथा मूलभूत सुविधा निवेश न्यासों से संबन्धित सूचकांक निधियों अथवा सेक्टर या उद्योग विशिष्ट योजना के मामले में यह सीमा स्थावर संपदा निवेश न्यासों और मूलभूत सुविधा निवेश न्यासों की यूनिटों में उनके निवल मूल्य का 10% होगी।

## बैंकिंग से संबन्धित नीतियाँ

### प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर भारतीय रिजर्व बैंक के नियंत्रण

भारतीय रिजर्व बैंक ने किसी विदेशी कंपनी / विदेशों में किसी संयुक्त उद्यम (JV), पूर्णत: स्वाधिकृत सहायक कंपनी (W o S ) के रूप में गठित अथवा प्रत्यक्ष रूप से अभिगृहीत) अथवा वित्तीय कार्रवाई कार्यबल द्वारा असहयोगी देशों तथा क्षेत्रों के रूप में अभिज्ञात देशों में स्थित अप्रत्यक्ष रूप से उप-अनुषंगी कंपनी में प्रत्यक्ष निवेश करने पर निषेध जारी किया है, क्योंकि ऐसे देशों के पास काले धन को वैध बनाने और आतंकवाद के वित्तीयन को रोकने के लिए मौजुद ढांचा कमजोर है।

## बैंकिंग जगत की घटनाएँ

भारतीय रिजर्व बैंक ने अब पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) को अतिरिक्त प्रलेखन के बिना अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र (IFSC) आरंभ करने की अनुमति प्रदान कर

दी है। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र में सहभागिता करने के इच्छुक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के लिए निधियों एवं प्रतिभूतियों का स्पष्ट पृथक्कीकरण सुनिश्चित करना आवश्यक होगा। अभिरक्षकों को उनके संबन्धित विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक ग्राहकों के लिए इस प्रावधान के अनुपालन पर निगरानी रखनी होगी। इसके बदले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को उनके संबन्धित अभिरक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र में उनकी सहभागिता से सूचित रखना होगा।

## मूलभूत सुविधा परियोजनाओं के लिए क्रिसिल की नयी साख श्रेणी निर्धारण प्रणाली

भारतीय साख निर्धारण सूचना सेवा लिमिटेड (CRISIL) ने एक नये साख श्रेणी निर्धारण ढांचे की शुरुआत की है। मूलभूत सुविधा परियोजनाओं के लिए वित्त मंत्रालय के परामर्श से दीर्घकालिक निवेशकों और ऋणदाताओं से अधिक सहभागिता को सुगम बनाने के लिए यह नयी साख श्रेणी निर्धारण प्रणाली अपेक्षित हानि (EL) वाली कार्यप्रणाली पर आधारित है। श्रेणी निर्धारण ऋण लिखत के जीवन काल में अपेक्षित हानि पर चूक की सभाव्यता (PD ) और वसूली की संभावना को ध्यान में रखते हुए एक विशेषज्ञ निर्णय होगा।

## भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने भीम ऐप का कोटि-उन्नयन किया

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने एकीकृत भुगतान अंतरापृष्ठ (UPI) का उपयोग करते हुए सहज, सरल और त्वरित भुगतान लेनदेन करने के लिए राष्ट्रव्यापी सामान्य प्लेटफार्म भारत इंटरफ़ेस फॉर मनी (BHIM) ऐप का कोटि-उन्नयन कर दिया है। अद्यतन भीम रूपान्तरण, जो 1.2 गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है, वर्धित सुरक्षात्मक विशेषताओं, (जैसे कि अज्ञात व्यक्तियों को धनराशि हेतु अनुरोध करने से रोकने के लिए) प्रयोक्ताओं की सहायता करने हेतु ‘आधार नंबर को भुगतान करें’ और स्पैम रिपोर्ट भेजने जैसी सुविधाएं प्रदान करता है तथा डिजिटल लेनदेनों कॉ काफी अधिक सुरक्षित और निरापद बनाने के लिए श्रेष्ठ प्रयोक्ता अनुभव प्रदान करता है।

## इंडिया पोस्ट को बैंकिंग सेवाएँ आरंभ करने हेतु लाइसेंस मिला

भारती एअरटेल और पेटीएम के बाद इंडिया पोस्ट को वाणिज्यिक परिचालन आरंभ करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से भुगतान बैंक लाइसेंस प्राप्त हो गया है। भुगतान बैंक व्यक्तियों और छोटे व्यावसायों से प्रति खाता 1 लाख रुपए तक की जमाराशियाँ स्वीकार कर सकते हैं। उनकी स्थापना सुभिन्न बैंकों के रूप में की जाती है तथा वे मांग जमाराशियाँ स्वीकार करने, विप्रेषण सेवाएँ, इन्टरनेट बैंकिंग और अन्य विनिर्दिष्ट सेवाएँ प्रदान करने हेतु अपने कार्यकलाप जारी रखेंगे।

## इंडिया पोस्ट भुगतान बैंक ने रांची, रायपुर में प्रायोगिक सेवाएँ आरंभ कीं

इंडिया पोस्ट भुगतान बैंक (IPBB ) ने रांची, रायपुर में अपनी प्रायोगिक सेवाओं की शुरुआत कर दी है। यह 25,000 रुपए तक की जमाराशियों पर 4.5 और 25,000 रुपए से 50,000 रूपये-1 लाख रूपये तक की जमाराशियों पर 5% की ब्याज दर प्रदान करेगा। इडिया पोस्ट भुगतान बैंक और इडिया पोस्ट सरकारी योजनाओं तथा ऐसी वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने हेतु मिलकर कार्य करेंगे, जो ग्रामीण क्षेत्रों में और शहरी क्षेत्रों की हाशिये पर खड़ी आबादी को आसानी से नहीं उपलब्ध हो पाती। इंडिया पोस्ट भुगतान बैंक से भारतीय बैंकिंग पर एक गुणक प्रभाव पड़ने की आशा की जाती है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों डाकिये (पोस्टमैन) जन-समुदाय से जुड़े होते हैं। हमारे लिए डाक विभाग के अधीन 100% सरकार द्वारा स्वाधिकृत एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के रूप में गठित किए जाने पर यह सितंबर तक जिला मुख्यालय स्थलों पर लगभग 65 शाखाएँ खोल देगी। 1.30 लाख ग्रामीण डाकघरों सहित समस्त 1.55 लाख जिला मुख्यालयों में स्थित इंडिया पोस्ट भुगतान बैंक से जुड़ जाएंगे और एक अभिगम केन्द्र के रूप में कार्य करेंगे। इंडिया पोस्ट के 1,000 एटीएम इंडिया पोस्ट भुगतान बैंक में स्थानांतरित हो जाएंगे।

# बीमा

## इरडाई पैनल जीवन बीमा उत्पादों की समीक्षा करेगा

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने जीवन बीमा उत्पाद विनियमों की समीक्षा करने हेतु श्री अमिताभ चौधरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, एचडीएफसी स्टैण्डर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की अध्यक्षता में एक आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है।

# नयी नियुक्तियाँ

| नाम | पदनाम / संगठन |
|---|---|
| सुश्री सुरेखा मरान्डी | भारतीय रिजर्व बैंक में कार्यपालक निदेशक के रूप में नियु |
| श्री मणि पलवेसन | स्टेट बैंक आफ हैदराबाद में प्रबंध निदेशक के रुप में सेवा आरंभ की |

# उत्पाद एवं गठजोड

| संगठन | जिस संगठन के साथ गठजोड़ हुआ | उद्देश्य |
|---|---|---|
| येस बैंक | टी-हब, ऐथिल | येस बैंक में टी-हब, ऐथिल के साथ व्यवसाय व कार्यक्रम की शुरुआत करने हेतु। |

# विदेशी मुद्रा

**विदेशी मुद्रा की प्रारक्षित निधियाँ**

| मद | 20 जनवरी, 2017 के दिन बिलियन रुप | 20 जनवरी, 2017 के दिन मिलियन अमरीकी डालर |
|---|---|---|
| कुल प्रारक्षित निधियाँ | 24,549.5 | 3,60,775.2 |
| (क) विदेशी मुद्रा आस्तियां | 23,030.4 | 3,38,434.4 |
| (ख) सोना | 1,262.9 | 18,584.1 |
| (ग) विशेष आहरण अधिकार | 98.2 | 1,441.9 |
| (घ) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में प्रारक्षित निधि की स्थिति | 157.6 | 2,314.8 |

**फरवरी, 2017 माह के लिए लागू अनिवासी विदेशी मुद्रा (बैंक) की न्यूनतम दरें**

| मुद्रा | 1 वर्ष | 2 वर्ष | 3 वर्ष | 4 वर्ष | 5 वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| अमरीकी डाल | 1.25930 | 1.51820 | 1.72500 | 1.86590 | 1.99840 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **जीबीपी** | 0.44030 | 0.7086 | 0.8395 | 0.9539 | 1.0580 |
| यूरो | -0.20000 | -0.141 | -0.017 | -0.082 | -0.215 |
| जापानी येन | 0.04130 | 0.056 | 0.073 | 0.093 | 0.118 |
| कनाडाई डालर | 1.10000 | 1.125 | 1.261 | 1.387 | 1.501 |
| आस्ट्रेलियाई डालर | 1.84700 | 1.920 | 2.070 | 2.430 | 2.550 |
| स्विस फ्रैंक | -0.66000 | -0.643 | -0543 | -0॰426 | -0.304 |
| डैनिश क्रोन | -0.02950 | 0.0517 | 0.1800 | 0.3130 | 0.4547 |
| न्यूजीलैंड डाल | 2.20000 | 2.500 | 2.760 | 2.965 | 3.135 |
| स्वीडिश क्रोन | -0.44400 | -0.253 | -0॰018 | 0.215 | 0.458 |
| सिंगापुर डालर | 1. 29750 | 1.580 | 1.820 | 2॰030 | 2.180 |
| हांगकांग डाल | 1.33000 | 1.650 | 1.890 | 2.080 | 2.220 |
| म्यामार | 3.520000 | 3.580 | 3.670 | 3.730 | 3.820 |

# शब्दावली

**संयुक्त उद्यम (JV) / पूर्णत: स्वाधिकृत सहायक कंपनी**

सयुक्त उद्यम/पूर्णत: सहायक कंपनी से आशय है उस मेजबान देश, जिसमें भारतीय पक्ष कोई प्रत्यक्ष निवेश करता है, के कानूनों एवं विनियमों के अनुसार गठित, पंजीकृत अथवा निगमित कोई विदेशी कंपनी/संस्था।

किसी विदेशी कंपनी को उस समय भारतीय पक्षकार का संयुक्त उद्यम कहा जाता है, जब भारतीय पक्षकार के साथ ऐसे अन्य विदेशी प्रवर्तक भी मौजूद हों, जो हितधारक हों।

# वित्तीय क्षेत्र की बुनियादी जानकारी

रुपया आहरण व्यवस्था (RDA )

रुपया आहरण व्यवस्था विदेशी क्षेत्राधिकारों से सीमा-पार वाले विप्रेषण प्राप्त करने का एक चैनल होती है। इस व्यवस्था में प्राधिकृत श्रेणी 1 बैंक उनका वास्त्रो खाता खोलने और रखने के के लिए वित्तीय कार्रवाई कर्यबल (FATF) अनुपालक देशों में अनिवासी विनिमय गृहों के साथ गठजोड़ करता है।

# संस्थान की प्रशिक्षण गतिविधियां

**मार्च, 2017 माह के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| क्रम सं. | कार्यक्रम का नाम | तिथि | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | ऋण निगरानी | 2मार्च से 4 मार्च 2017 तक | मुंबई |
| 2 | प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम | 20 मार्च से 24 मार्च 2017 तक | मुंबई |
| 3 | वसूली प्रबंधन | 6 मार्च से 8 मार्च 2017 तक तक | दिल्ली |

# संस्थान समाचार

## मुंबई और कोलकाता स्थित संस्थान के स्वयं अपने परीक्षा केन्द्रों मेँ परीक्षा

संस्थान को मुंबई और कोलकाता मेँ स्वयं अपने परीक्षा केन्द्रों के खुलने की घोषणा करते हुए प्रसन्नता होती है। इन परीक्षा केन्द्रों मेँ धन शोधन निवारण/ अपने ग्राहक को जानिए, बैंकरों के लिए लघु एवं मध्यम उद्यम वित्त तथा ग्राहक सेवा तथा बैंकिंग संहिता और मानकों के लिए प्रमाणपत्र परीक्षाएँ पाक्षिक आधार पर संचालित की जाएंगी।

इस प्रकार की पहली परीक्षा की तिथि 25 फरवरी, 2017 है। इन परीक्षाओं के लिए दिशानिर्देशों/महत्वपूर्ण घटनाओं की निर्धारित तिथि 31 दिसंबर, 2016 होगी।

## जेएआईआईबी/डीबीएंडएफ/सीएआईआईबी परीक्षाओं – नवंबर-दिसंबर, 2016 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

संस्थान ने नवंबर/दिसंबर, 2016 में आयोजित की जाने वाली जेएआईआईबी/डीबीएंडएफ/सीएआईआईबी परीक्षाएं जनवरी/मार्च 2017 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है। अधिक जानकारी आऊर इन परीक्षाओं की नई तिथियों के लिए www,iibf.org..in देखें।

## सूक्ष्म/स्थूल प्रस्तावों की अंतिम तिथि का विस्तार

संस्थान ने इसके पहले वीआरएसएच 2016-17 के लिए सूक्ष्म आलेख और स्थूल प्रस्ताव के लिए अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2017 निर्धारित की थी। हाल की बैंकिंग घटनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अब बढ़ा कर 28 फरवरी, 2017 कर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए www,iibf.org..in देखें।

## हीरक जयंती और सी॰ एच॰ भाभा बैंकिंग ओवरसीज रिसर्च फ़ेलोशिप (DJCHBBORF) के लिए आमंत्रण

संस्थान हीरक जयंती और सी॰ एच॰ भाभा बैंकिंग ओवरसीज रिसर्च फ़ेलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इस फ़ेलोशिप का उद्देश्य सफल अभ्यर्थी को भारत और विदेशों में बैंकिंग एवं वित्त के क्षेत्र में अद्यतन घटनाओं पर शोध अध्ययन करने का अवसर प्रदान करना है। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2017 है। अधिक जानकारी के लिए **www.iibf.org.in** देखें।

## **चेन्नै में सुरक्षित ई-बैंकिंग पर संगोष्ठी**

अपनी सदस्य शिक्षण शृंखला के एक भाग के रूप में संस्थान 17 फरवरी, 2017 को साइबर सोसाइटी आफ इण्डिया के सहयोग से होटल ताज कोरोमंडल, नुंगम्ब्क्क्म, चेन्नै -600 034 में सुरक्षित ई-बैंकिंग पर एक संगोष्ठी का आयोजन कर रहा है।

इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बैकरों को साइबर सुरक्षा क्षेत्र में हो रही वर्तमान घटनाओं तथा उनसे जुड़ी विनियामक अपेक्षाओं से अवगत कराना है।

वित्त और कम्पनी मामलों के माननीय राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य व्याख्यान देगे। उक्त संगोष्ठी की शुरुआत तमिलनाडु के अतिरिक्त पुलिस महा निरीक्षक, तटीय सुरक्षा

समूह के वक्तव्य  से होगी।

## मिश्र के बैंकरों के लिए अध्ययन दौरा

सस्थान ने इजिप्शियन बैंकिंग इंस्टीट्यूट के माध्यम से इजिप्ट  से 20 बैकरों  के लिए भारत में लघु एवं मध्यम उद्यम वित्तीयन पर 6 फरवरी, 2017 से 10 फरवरी, 2017 तक अध्ययन दौरे की व्यवस्था  की  थी। उक्त अध्ययन दौरे में ऐसे  विभिन्न बैकों  और वित्तीय संस्थाओं का दौरा  शमिल था जिनमें  प्रतिनिधियों को विनियामक दिशानिर्देशों सहित विविध कार्यविधियों के साथ –साथ  भारत में अपनाए जाने वाले लघु एवं मध्यम उद्यमों के वित्तीयन माडलों के बारे में बताया गया। इस दल  ने भारतीय रिजर्व बैक  का भी दौरा किया। यह संस्थान  द्वारा इजिप्शियन बैकिंग  संस्थान के लिए  आयोजित 4था  दौरा था।

## सेवा  कर की नयी दर

वित्त मंत्रालय,  राजस्व  विभाग ने जून,  2016  से किसी भी या सभी करयोग्य सेवाओं पर 0.5 प्रतिशत कृषि कल्याण उप कर की वसूली किए जाने की सूचना दी है। सेवा कर की प्रभावी दर 14% + 0.5 % (स्वच्छ भारत उप कर) +0.5 % (कृषि कल्याण उप कर) = 15.00 % है। तदनुसार,  संस्थान ने सभी शुल्कों में इस परिवर्तन को शामिल  कर लिया है।

### आगामी  अंकों के लिए बैंक क्वेस्ट की विषय-वस्तुएं

बैंक क्वेस्ट के आगामी  अंकों के लिए विषय-वस्तुएं इस प्रकार निर्धारित की गई हैं :

जनवरी-मार्च,  2017  व्यवसाय विश्लेषण
अप्रैल  –जून,  2017  मूलभूत सुविधा वित्तीयन मेँ चुनौतियाँ

## अपने  ग्राहक को जानिए/धन-शोधन निवारण और ग्राहक सेवा परीक्षा

संस्थान ने अप्रैल,  2016  के  बाद से अपने ग्राहक को जानिए/धन-शोधन निवारण और ग्राहक सेवा परीक्षा मेँ प्रमाण  पत्र परीक्षा का    आयोजन नियमित रूप से तिमाही  आधार पर करने का निर्णय लिया है।

## परीक्षाओं के लिए दिशानिर्देशों /महत्वपूर्ण घटनाओं की निर्धारित तिथि

संस्थान द्वारा किसी कैलेंडर वर्ष के मई/जून माह के दौरान आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के संबंध में प्रश्नपत्र में समावेश के लिए विनियामक द्वारा जारी अनुदेशों/दिशानिर्देशों और बैंकिंग एवं वित्त के क्षेत्र में केवल पिछले वर्ष के 31 दिसंबर तक की महत्वपूर्ण घटनाओं पर ही विचार किया जाएगा।

संस्थान द्वारा किसी कैलेंडर वर्ष के नवंबर/दिसंबर माह के दौरान आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के संबंध में प्रश्नपत्र में समावेश के लिए विनियामक द्वारा जारी अनुदेशों/दिशानिर्देशों और बैंकिंग एवं वित्त के क्षेत्र में केवल पिछले वर्ष के 30 जून तक की महत्वपूर्ण घटनाओं पर ही विचार किया जाएगा।

## नई पहलकदमी

सदस्यों से अनुरोध है कि वे संस्थान के पास मौजूद अपने ई-मेल पते अद्यतन करा लें तथा वार्षिक रिपोर्ट ई-मेल के जरिये प्राप्त करने हेतु अपनी सहमति भेज दें।

---

समाचार पत्रों के पंजीयक के पास आरएनआई सं॰ 69228/1998 के अधीन पंजीकृत

---

# बाजार की ख़बरें

## भारित औसत मांग दरें

6.5
6.4
6.3
6.2
6.1
6
5.9
5.8

अगस्त, 2016, सितंबर, 2016, अक्तूबर, 2016, नवंबर, 2016, दिसंबर, 2016, जनवरी, 2017

स्रोत : भारतीय समाशोधन निगम न्यूजलेटर, 2016

## भारतीय रिजर्व बैंक की संदर्भ दर

90
85
80
75
70
65
60
55

अगस्त, 2016, सितंबर, 2016, अक्तूबर, 2016, नवंबर, 2016, दिसंबर, 2016, जनवरी, 2017

स्रोत : भारतीय रिजर्व बैंक

## खाद्दयेतर ऋण वृद्धि %

10
9
8
7
6
5
4

जुलाई, 216, अगस्त, 2016, सितंबर, 2016, अक्तूबर, 2016, नवंबर, 2016, दिसंबर, 2016

स्रोत : मंथली रिव्यू आफ इकनामी, भारतीय समाशोधन निगम, जनवरी, 2017

## बंबई शेयर बाजार सूचकांक

29000
28500
28000
27500

27000

26500

26000

अगस्त, 2016, सितंबर, 2016, अक्तूबर, 2016, नवंबर, 2016, दिसंबर, 2016, जनवरी, 2017

स्रोत : बंबई शेयर बाजार (BSE)

## समग्र जमा वृद्धि %

18

16

14

12

10

8

6

4

2

0

जुलाई, 216, अगस्त, 2016, सितंबर, 2016, अक्तूबर, 2016, नवंबर, 2016, दिसम्बर, 2016

स्रोत : मंथली रिव्यू आफ इकनामी, भारतीय समाशोधन निगम, जनवरी, 2017

डा॰ जे॰ एन॰ मिश्र द्वारा मुद्रित, डा॰ जे॰ एन॰ मिश्र द्वारा इंडियन इंस्टिट्यूट आफ बैंकिंग एंड फाइनैन्स की ओर से प्रकाशित तथा आनलुकर प्रेस, 16 सासुन डाक, कोलाबा, मुंबई- 400 018 में मुद्रित एवं इंडियन इंस्टिट्यूट आफ बैंकिंग एंड फाइनैन्स, कोहिनूर सिटी, कामर्शियल-II, टावर-1, 2री मंजिल, किरोल रोड, कुर्ला (पश्चिम),,मुंबई – 400 070 से प्रकाशित।

संपादक : डा॰ जे॰ एन॰ मिश्र

इंडियन इंस्टिट्यूट आफ बैंकिंग एंड फाइनैन्स

कोहिनूर सिटी, कामर्शियल-II, टावर-1, 2री मंजिल,

किरोल रोड, कुर्ला (पश्चिम), ,मुंबई – 400 070

टेलीफोन : 91-22-2503 9604/ 9607 फैक्स : 91-22-2503 7332

तार : INSTIEXAM ई-मेल : admin@iibf.org.in.

वेबसाइट : **www.iibf.org.in**.